Dr. S.K. Kataria
Professor (Retd.), MLSU, Udaipur.
Author & Public Administrationist
www.surendrakataria.com

PTO

No. 102

Date -.21.01.2026

कुलपति महोदया

महात्मा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

वर्धा।

आदरणीय प्रो० कुमुद जी,

सादर निवेदन है कि लोक प्रशासन विषय का शिक्षक और लेखक होने के कारण आपके विश्वविद्यालय द्वारा सन् 2013 में प्रकाशित 'वर्धा हिंदी शब्दकोश' बहुत बार देखा है। आपके विश्वविद्यालय को इस महत्वपूर्ण कार्य हेतु धन्यवाद।

यहाँ, मैं आपके सम्मुख दो बिंदुओं पर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा -

1 . आपकी वेबसाइट पर Ph.D. को हमेशा पी - एच. डी. या पी. एच. डी. लिखा मिलता है जबकि यह पीएच. डी. होना चाहिए क्योंकि यह अंग्रेजी वर्ण Ph का हिंदी रूप है। P और h अलग-अलग नहीं बल्कि एक साथ होते हैं। हिंदी भाषा के सर्वोच्च अकादमिक संस्थान से सर्वोच्च भाषायी मानक स्थापित करने की स्वाभाविक अपेक्षा है।

2 . कोई भी शब्दकोश या विश्वकोश कभी भी सम्पूर्णता को प्राप्त नहीं कर पाता है। निवेदन है कि जब कभी आप अपने 'वर्धा हिंदी शब्दकोश' का द्वितीय संशोधित संस्करण प्रकाशित करें तो कृपया हमारे सुझाव भी लेने का कष्ट कीजियेगा।

भारत में भाषा को जैविक जननी और मातृभूमि की तरह सम्मान (माँ – समान) दिया जाता है। हिंदी को मानक स्वरूप प्रदान करने का दायित्व हम सबका है।

सुकरात कहते हैं कि- " भाषा का दुरुपयोग आत्मा में बुराई को जन्म देता है" .

सादर

सुरेंद्र कटारिया

Address- 81/91, Neelgiri Marg, Mansarovar, Jaipur-302020 (Raj.)
Email- skkataria64@rediffmail.com Cell - 9929155426 / 9462828191

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner